हवाई फूल बनाम भूमिगत फूल 15

ज़मीन के अंदर भी फूल होते हैं यह बात बहुत ही कम लोगों को मालूम होगी। आलू, मूंगफली तक की बात तो ठीक है लेकिन क्या किसी पौधे में ज़मीन के भीतर फूल भी लग सकते हैं? और यदि लग भी जाएं तो इससे क्या फायदा उन्हें?

दुनिया भर में पाए जाने वाले फूलों की केवल 36 प्रजातियों में फूल उनके भूमिगत तनों पर ज़मीन के भीतर लगते हैं। मज़ेदार बात यह है कि उनमें से दो हमारे आसपास मौजूद हैं। बारिश के मौसम में आसानी से मिलने वाले कनकव्वा के पौधे और खट्टी बूटी दोनों में भूमिगत फूल पाए जाते हैं।

तौबा ये मतवाली चाल 44

सांपों के पैर नहीं होते लेकिन इस कमी के बावजूद वे बिना किसी परेशानी के चल लेते हैं। क्या कभी आपने यह सोचा है कि सांप कैसे चलते हैं? क्या सारे सांप एक ही तरीके से चलते हैं या सांप की कद-काठी और निवास के हिसाब से उनमें फर्क-फर्क तरीके पाए जाते हैं? आम्तौर पर सांप चलने के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल करते हैं जो एक-दूसरे से काफी फर्क होने के बावजूद अपने-आप में खासे दिलचस्प हैं।

1872 में बंगाल में मुस्लिम आबादी का वितरण



बंगाल में इस्लाम का 63

बंगाल में 1872 की जनगणना में यह रुचिकर तथ्य उभरा कि निचले बंगाल के मुसलमान पुरानी राजधानियों के चारों तरफ नहीं बल्कि डेल्टा के उर्वर मैदान में बसे थे। जब इस तथ्य की व्याख्या इस्लाम के प्रसार के लिए प्रचलित चार सिद्धांतों से करने की कोशिश की गई तो समझ में आया कि ये सिद्धांत अपने-आप में पर्याप्त नहीं हैं।

इसके बाद हुए शोध से यह समझ में आता है कि बंगाल में मुस्लिम कृषक वर्ग का उद्भव मुगल काल में 16वीं सदी में हुआ था। कई ऐतिहासिक स्रोत इस बात की पुष्टि करते हैं। लेकिन फिर भी एक सवाल बरकरार रहता है कि मुगलों के समय में ऐसा क्या हो गया कि बंगाल में इस्लाम का प्रसार ज़ोरों से हुआ? मुगलों ने तो धर्मांतरण में कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई, उनका प्राथमिक उद्देश्य तो कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना था।

शैक्षिक संदर्भ

अंक: 33 अगस्त-सितंबर 2000

इस अंक में

आपने लिखा 4

बच्चे और जंग 11
शुभदा जोशी

हवाई फूल बनाम भूमिगत 15
वीणु कौल, ए. के. कौल, एम. सी. शर्मा

पानी की कठोरता 29
सुशील जोशी

त्रिज्या का परिधि से संबंध... 35
जुई दधीच

तौबा ये मतवाली चाल 44
मुकेश इंगले

ज़रा सिर तो 58

बंगाल में इस्लाम 63
रिचर्ड ईटन

नाप जोख के लिए 85
रामकृष्ण भट्टाचार्य